दून के यूटीयू में शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान 'टी-55' टैंक का अनावरण करते मंत्री सुबोध उनियाल। ● हिन्दुस्तान

यूटीयू में वेलनेस से जुड़े कोर्स भी चलेंगे

■ यूटीयू के स्थापना दिवस पर तकनीकी शिक्षा मंत्री ने दिए निर्देश
■ दून, पिथौरागढ़, उत्तरकाशी और टिहरी में बनेंगे विवि के कैंपस

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विवि (यूटीयू) में हेल्थ और वेलनेस से जुड़े क़ोर्स कराए जाएं। ताकि, इससे युवाओं को रोजगार और वेलनेस टूरिज्म क्षेत्र में नए अवसर मिल सकें। तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने शुक्रवार को यूटीयू के स्थापना दिवस कार्यक्रम में वीसी डॉ. ओंकार सिंह को यह निर्देश दिए।

मंत्री ने यह भी कहा, यूटीयू से संबद्ध डब्ल्यूआईटी देहरादून, आईटी गोपेश्वर, आईटी टनकपुर, एसआईटी पिथौरागढ़, टीएचडीसी टिहरी और उत्तरकाशी में विवि कैंपस बनाए जाएंगे। अभी यह सरकारी कॉलेज यूटीयू से मान्यता प्राप्त हैं। मंत्री ने इनकी बीओजी यानी बोर्ड ऑफ गवर्नेंस एक ही करने को भी कहा। इस बीच, मंत्री ने यूटीयू परिसर में टी-55 टैंक और वीर माधो सिंह भंडारी की प्रतिमा का अनावरण किया। कई पूर्व कुलपतियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा सचिव रविनाथ रमन, दून विवि की वीसी डॉ. सुरेखा डंगवाल, पूर्व वीसी पीपी ध्यानी मौजूद रहे।

छात्रों को साइबर सिक्योरिटी में दक्ष बनाया जाएगा: इस दौरान छात्रों को साइबर सिक्योरिटी में दक्ष बनाने के लिए सीएमएआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया के साथ भी एमओयू किया गया। केविएस काशीपुर के साथ भी एमओयू हुआ, जिसके तहत हर साल दो मेधावी छात्रों को गोल्ड मेडल और हर महीने ढाई-ढाई हजार की छात्रवृत्ति केविएस प्रीमियर फाउंडेशन स्कॉलरशिप के नाम से दी जाएगी।

आईएमए के कैडेट अब पीजी डिप्लोमा कर सकेंगे

इस दौरान आईएमए के साथ एक एमओयू को भी आगे बढ़ाने पर सहमति बनी, जिसमें कैडेट को मिलिट्री स्टडीज और डिफेंस मैनेजमेंट में पीजी डिप्लोमा दिया जा सकेगा। पहले इनको डिप्लोमा ही मिलता था। इसके अलावा देश के विभिन्न आईआईटी, एनआईटी और आईआईएम में पढ़ रहे 251 छात्रों को भी नवाजा गया। इनको राज्य सरकार की योजना के तहत 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई।

वं नशामुक्ति विशेषज्ञ